संख्या-38 /2017/1350/30-3-17-18बी/2016

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ खॉ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनॉक 24 जुलाई, 2017

विषय :- वित्तीय वर्ष 2017-18 में उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष नियमावली, 2014 में प्रावधानित बजट व्यवस्था की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-618स0सु0/2017-29स0सु0/2016, दिनॉक 17-05-2017 के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष नियमावली, 2014 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 में राजस्व पक्ष के लेखाशीर्ष-3055-सड़क परिवहन-797-आरक्षित निधियों/जमा लेखों का अन्तरण-04-उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष को अन्तरण-48-अन्तर्लेखा संक्रमण में प्राविधानित धनराशि रू0 5000.00 लाख (रू0 पचास करोड़ मात्र) के सापेक्ष प्रथम 05 माह के लिये लेखानुदान हेतु उपलब्ध धनराशि रू0 2083.33 लाख (रू0 बीस करोड़ तीरासी लाख तैंतीस हजार मात्र) को अन्तर्लेखा संक्रमण द्वारा जमा किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष के लेखाशीर्ष-3055-सड़क परिवहन-797-आरक्षित निधियों/जमा लेखों का अन्तरण-04-उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष को अन्तरण-48-अन्तर्लेखा संक्रमण के नामे डाला जायेगा तथा प्रश्नगत धनराशि को पुस्तक समायोजन द्वारा वर्ष 2017-18 में लोक लेखा के लेखाशीर्ष-8235-सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियों-200-अन्य निधियॉ-03-उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष में जमा किया जायेगा।

भवदीय,

(मुहम्मद अख़लाक़ खॉ)
विशेष सचिव।

संख्या-38/2017/1350(1)/30-3-2017, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
5- गृह (पुलिस) अनुभाग-2
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in